# क्वाड्रा इंस्टीट्यूट ऑफ आयुर्वेद कॉलेज में मनाया गया कारगिल विजय दिवस

**रुड़की बद्री विशाल।** क्वाड्रा इंस्टिटड्ूट ऑफ आयुर्वेद में सोमवार को कारगिल विजय दिवस पर शहीदो को याद किया गया और श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कारगिल विजय दिवस कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि कर्नल नर सिंह जिन्दर का क्वाड्रा संस्थान सचिव डॉ0 रकम सिंह, निदेशक मनोज गोयल ने पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया और देश के वीर शहीदो को नमन करते हुये कहा की देश की सीमाओ पर तैनात जवानों की बदोलत ही हम खुली सांस ले पाते हैं। 26 जुलाई को हमारे वीर शहीदों ने पड़ोसी मुल्क पाकिस्तान को परास्त कर कारगिल पर भारत का झण्डा फहराकर विजय प्राप्त की थी। यह दिवस हर भारतीय के लिये गर्व का दिवस है। कार्यक्रम में कर्नल नर सिंह जिन्दर को क्वाड्रा स्मृति चिन्ह से सम्मानित किया गया। कर्नल नर सिंह जिन्दर ने अपने ओजस्वी उद्बोधन में कारगिल युद्ध पर प्रकाश डालते हुए विभिन्न संस्मरणो से सभी को रोमांचित कर दिया। कर्नल नर सिंह जिन्दर ने बताया कि वह 1987 में सेना भर्ती हुए तथा 33 वर्षो तक देश के दूरदराज इलाकों में अपनी सेवा देते हुए 31 जुलाई 2020 को ग्वालियर से सेवा निर्वत्त हुए है।

प्राचार्य डॉ. प्रदीप कुमार ने कार्यक्रम वीर शहीदों को नमन करते हुये कार्यक्रम का समापन किया। कार्यक्रम उत्तराखण्ड विश्वविद्यालय के दिशा निर्देश पर कोविड सावधानी को ध्यान में रखते हुये आयोजित हुआ। सभी अध्यापक चिकित्सक की भागीदारी से सफल कार्यक्रम सम्पन्न किया गया। कार्यक्रम का सकूशल संचालन डॉ. शेरोन प्रभाकर द्वारा किया गया। कार्यक्रम में क्वाड्रा निदेशक मनोज गोयल, यर्थाथ तिवारी, नर्सिंग प्राचार्या क्रिस्टना जज, संजय सैनी समस्त अध्यापक चिकित्सक मौजूद रहे।